हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 29 सितंबर 2026

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
29 सितम्बर 2026
कूपन नं.
6

खबर संक्षेप

जिले की ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाएं 2 अक्टूबर को

बलौदाबाजार। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार जिले की सभी ग्राम पंचायतों एवं उनके आश्रित ग्रामों में 2 अक्टूबर को ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने ग्राम सभा के लिए समय-सारिणी तैयार कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। ग्राम सभा में शतप्रतिशत गणपूर्ति सुनिश्चित कराने का दायित्व सरपंच व पंचो का होगा। ग्राम सभा में ग्राम पंचायत के बजट, विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति एवं प्रगति की समीक्षा सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत अपात्र हितग्राहियों पर निर्णय, वीबीजी राम-जी योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ शासन द्वारा निर्धारित अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा की जाएगी। ग्राम सभाओं के माध्यम से ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया जाएगा।

ट्रक चालक ने की गाली गलौज

महासमुंद। कार को ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त करने के बाद हुए विवाद के दौरान ट्रक चालक द्वारा एक बैंककर्मी के साथ गाली गलौज किए जाने का मामला सामने आया है। रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। बैंककर्मी व पंजाबीपारा महासमुंद निवासी 27 सितंबर को कार से अपनी मां के साथ रायपुर जा रहा था। सुबह करीब 11.30 बजे एनएच 353 रोड बेलसोंडा रेलवे क्रासिंग के पास पीछे से आ रहे ट्रक क्र सीजी 04 एनवाय 4700 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजएवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए कार को दाहिने ओर से घसीट कर एक्सीडेंट कर दिया है। जब प्रार्थी ने ट्रक ड्रायवर को ठीक से गाड़ी ठीक से नहीं चलाता है कहा, तब आरोपी गाली गलौज करने लगा। मामले की रिपोर्ट धारा 125(ए), 281, 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

युवक के साथ मारपीट चाकू से हमला

महासमुंद। नगर के इमलीभांठा में एक युवक के साथ मारपीट और चाकू से हमला करने के मामले में आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। वार्ड नं 2 इमलीभांठा निवासी व लॉंड्री दुकान संचालक विकास निर्मलकर के साथ मोहल्ले के युवक मोंटू सेन ने मारपीट करते हुए चाकू से वार कर दिया। रिपोर्ट में पुलिस को प्रार्थी विकास ने बताया कि 27 सितंबर की शाम 05.30 बजे वह अपनी दुकान में था, उसी समय बहन टीकम बाई धीवर ने दुकान में आकर बताया कि मोहल्ले का मोंटू सेन बिना कारण उसके साथ गाली गलौज कर रहा है और मारने-पीटने की धमकी दे रहा है। तभी आरोपी मोंटू सेन पिता सुंदर सेन भी वहां पर आ गया और उसकी बहन के साथ गाली गलौज करते हुए मारने के लिए चाकू निकाल लिया, जब बचने के लिए उसकी बहन दुकान के अंदर आई, तब बीच बचाव के दौरान मोंटू सेन ने प्रार्थी के ऊपर चाकू से हमला कर दिया। घटना में प्रार्थी के बाएं भुजा, चेहरे एवं पीठ में चोटें आई हैं।

पानी उतरते ही उजड़े सामान को सहेजने में जुटे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

बलौदाबाजार जिले के ग्राम गिधौरी में महानदी ऊफान पर था और तीन दिनों तक बाढ़ का पानी से गिधौरी ईलाका पुरा घिर गया था तथा चारों तरफ से आवगमन बंद हो गया था। दो-तीन दिनो तक लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया था और गिधौरी में बाढ़ का तबाही मंजर के साथ पुरा ईलाका जलमग्न था। महानदी का बाढ का पानी तीन दिन बाद धीरे- धीरे उतरना शुरू हुआ और ग्रामीण एवं व्यापारियों ने राहत की सांस ली गई। गिधौरी में बाढ से घर, मकान, दुकानों तक बाढ़ का पानी करीबन 8 से 20 फिट पानी भर गया था। कई घरों और दुकानों में बाढ का पानी से समान डूबने जाने से नुकसान हुआ है। सोमवार को पानी धीरे-धीरे कम होने से ग्रामीण एवं व्यापारी अपने- अपने घर दुकानों की पानी में डुब जाने से बाढ़ का पानी से समान बिखर गया था उसे साफ- सफाई कर समान जमाने की तैयारी कर ⏭ शेष पेज 10 पर

शबरी सेतु से मलबा हटाकर बहाल किया आवागमन









तीन दिन जलमग्न रहा गिधौरी

और महानदी शबरी सेतु पुल की जेसीबी से साफ सफाई कराकर गिधौरी - शिवरीनारायण मार्ग को सुचारू रुप से खोला गया और 6 बजे के आसपास आवगमन प्रारंभ किया गया। किंतु बडे वाहन को आवाजाही बंद किऐ थे औऱ पैदल यात्री और बाईक सवार को छोड गया था और गिधौरी से सारंगढ़ घटमडवा नाला में पानी करीबन 3 फिट चल रहा था और आवगमन बंद था लेकिन घटमडवा नाला में 4 बजे के आसपास एक लापरवाह कैप्सूल ट्रक चालक ने जबरदस्ती कैप्सूल को नाला से पार कर रहा था और कैप्सूल नाला बीच में कैप्सूल बंद हो गया। जिसे ट्रेक्टर के मदद से बाहर निकाला गया।

बाढ़ : ग्रामीणों से मिलकर जानी समस्याएं और राहत व्यवस्थाओं की ली जानकारी

नाव में सवार होकर बाढ़ प्रभावित ठेंगागुड़ी गांव पहुंचे वित्त मंत्री ओपी चौधरी, जाना हाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

महानदी में बढ़े जलस्तर और बाढ़ की स्थिति के बीच प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने आज सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के महानदी तटवर्ती सरिया तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों का मौके पर पहुंचकर मुआयना किया। उन्होंने राहत शिविरों का निरीक्षण करने के साथ प्रभावित ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और राहत एवं बचाव कार्यों की जमीनी स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों, किसानों, माताओं, बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। वित्तमंत्री श्री चौधरी ने सबसे पहले सरिया स्थित कन्या शाला में बनाए गए बाढ़ राहत शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर में रह रहे प्रभावित ग्रामीणों से चर्चा कर उनके रहने, भोजन, स्वास्थ्य तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं ⏭ शेष पेज 10 पर



लगातार हुई भारी बारिश बनी बाढ़ की स्थिति

दौरे के दौरान वित्त मंत्री ने प्रभावित ग्रामीणों की सुरक्षा और राहत व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कहते हुए अधिकारियों से कहा कि जिन लोगों को राहत शिविरों अथवा सुरक्षित स्थानों पर रखा गया है, वहां उनके दैनिक जीवन से जुड़ी मूलभूत सुविधाओं की कमी नहीं होनी चाहिए। स्वास्थ्य जांच, पेयजल, भोजन और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। प्रभावित परिवारों की आवास संबंधी जरूरतों को भी गंभीरता से लेते हुए आवश्यक पहल करने को कहा गया।

ओडिशा व छत्तीसगढ़ सरकार के समन्वय से नियंत्रित हुई बाढ़

बांधों में पहले से पानी भरा होने के कारण जलस्तर तेजी से बढ़ा। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और ओडिशा के मुख्यमंत्री के स्तर पर आपसी समन्वय के साथ आवश्यक कदम उठाए गए। हीराकुंड जलाशय से बढ़े जलप्रवाह को नियंत्रित करने के लिए पहले 20 गेट खोले गए और बाद में 8 अतिरिक्त गेट खोले जाने से कुल 28 गेटों से जल निकासी की जा रही है। उपलब्ध ताजा जानकारी के अनुसार 19 गेट बाईं ओर और 9 गेट दाईं ओर खुले हैं।

बचाव कार्य तेजी से जारी

पिछले दिनों से हुई मूसलाधार बारिश और गंगरेल 14 गेट खोलने के बाद महानदी में बढ़े जलस्तर के कारण कई तटवर्ती गांवों में जलभराव की स्थिति बनी है। जिला प्रशासन द्वारा प्रभावित परिवारों को राहत शिविरों, शासकीय चौपालों, ऊंचे स्थानों तथा रिश्तेदारों और परिचितों के घरों में सुरक्षित पहुंचाया गया है। गांवों में मुनादी कराकर लोगों को जलमग्न क्षेत्रों से दूर रहने और सुरक्षित स्थानों पर जाने की समझाइश दी जा रही है। कलेक्टर श्रीमती पद्मिनी भोई साहू द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया गया है। उनके निर्देश पोर एसडीएम, तहसीलदार, पटवारी, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक और ग्राम कोटवार सहित मैदानी अमला प्रभावित गांवों में लगातार सक्रिय है। राहत एवं बचाव कार्यों में एसडीआरएफ और नगर सेना की टीमें तैनात हैं तथा स्वास्थ्य विभाग का अमला भी प्रभावित क्षेत्रों में सेवाएं दे रहा है।

जानलेवा हमला करने वाले दो शातिर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

पुलिस अधीक्षक गौरव राय के कुशल निर्देशन में पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना पलारी पुलिस टीम द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले 02 आरोपियों को त्वरित कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। मामले में प्रार्थी कृपाल पटेल निवासी अर्जुनी बल्दाकछार, थाना कसडोल द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 26 सितंबर की रात्रि लगभग 10:00 बजे वह अपने दोस्त कमलेश निषाद के साथ मोटरसाइकिल से लौट रहा था। ग्राम खैरी और धमनी के बीच जुड़वा तेंदू के पास उसका मित्र हिरावन यदु मिला, जिससे वे बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान आरोपी गांधी शंकर केवट निवासी चंगोरी हाल निवासी धमनी पलारी 22 वर्ष अपने साथी राजेश कुमार निषाद निवासी धमनी पलारी 21 वर्ष के साथ मोटरसाइकिल एच एफ डीलक्स से वहां पहुंचा और पुरानी रंजिश व चखना दुकान की बात को लेकर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। इसी बीच आरोपी गांधी शंकर केवट ने जान से मारने की नीयत से अपनी जेब से चाकू निकालकर हिरावन यदु के पेट पर वार कर दिया तथा आरोपी राजेश निषाद ने डंडे से मारपीट की। घटना के पश्चात दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल हिरावन यदु को तत्काल इलाज हेतु जिला अस्पताल ⏭ शेष पेज 10 पर

पुलिस ने 6 जुआरियों को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

सिमगा पुलिस ग्राम किरवई एवं दामाखेड़ा में मुखबिर सूचना पर अलग-अलग स्थानों पर घेराबंदी कर जुआ खेल रहे कुल 06 जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ा है। जिसमें ग्राम किरवई स्थित मवेशी बाजार में गश्ती टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि बिजली के खंभे की रोशनी में कुछ लोग ताश की पत्तियों से रुपये-पैसे का दांव लगाकर 'काटपत्ती' जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर रेड कार्यवाही की गई, जिसमें 03 जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपीगण के कब्जे एवं फड़ से नगदी रकम 2,540 रुपए एवं 52 पत्ती ताश ⏭ शेष पेज 10 पर

धरती ने ओढ़ी कोहरे की चादर...



गिधपुरी। अंचल में लगातार हुई बारिश के बाद सोमवार को मौसम साफ हुआ, लेकिन मौसम खुलते ही दिनभर उमस भरी गर्मी ने लोगों को परेशान किया। शाम होते ही मौसम में ठंडक महसूस होने लगी। वहीं सुबह होते ही चारों ओर कोहरे की चादर दिखाई देने लगी। ऐसा नजारा देखने को मिला मानो ठंड से बचने के लिए धरती ने कोहरे की चादर ओढ़ ली हो। बारिश के बाद मौसम में आए इस बदलाव से जहां आम लोगों को गर्मी और उमस से राहत की उम्मीद है, वहीं सुबह के समय कोहरा और ठंडी हवाएं मौसम में बदलाव का संकेत दे रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह खेतों और सड़कों के आसपास कोहरे की धुंध छाई रही, ⏭ शेष पेज 10 पर

एसआईआर का विरोध, कांग्रेस ने किया कलेक्ट्रोरेट घेराव



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार ने सोमवार को स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के मुद्दे को लेकर प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव भवन, गार्डन चौक से कलेक्ट्रेट कार्यालय घेराव के लिए पैदल मार्च निकाला। प्रदर्शन के दौरान आयोजित सभा में विधायक इंद्र साव, पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, पूर्व विधायक जनकराम वर्मा व शकुंतला साहू, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हीतेंद्र ठाकुर, पूर्व मंडी अध्यक्ष तुलसीराम वर्मा, महिला कांग्रेस नेत्री प्रेमशिला नायक व लक्ष्मी साहू, भाटापारा शहर ब्लॉक अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा तथा जिला प्रवक्ता डॉ. फारूकी सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया। कांग्रेस नेताओं ने एसआईआर की प्रक्रिया, मतदाता सूची के पुनरीक्षण तथा चुनावी ⏭ शेष पेज 10 पर

- पीएम, गृहमंत्री व मुख्य निर्वाचन आयुक्त का फूंका पुतला

पुतला दहन कर सौंपा ज्ञापन

कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस महामंत्री लखेश साहू ने किया। उन्होंने एसआईआर से संबंधित आंकड़े प्रस्तुत किए। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के पुतलों का दहन किया। इसके बाद चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम में विभिन्न ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई व आदिवासी कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। बलौदाबाजार शहर अध्यक्ष प्रवीण सेन, ग्रामीण अध्यक्ष दीपक साहू, भाटापारा शहर अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा, भाटापारा ग्रामीण अध्यक्ष अमर मांडवी, सिमगा अध्यक्ष रिंकू भाटिया, सुहेला अध्यक्ष भानु वर्मा, पलारी अध्यक्ष रवि बंजारे, सोनाखान अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक सहित सुनील कुर्रे, सिद्धांत मिश्रा, नीरज बांधे, मोहन साहू, जतिराम साहू, आर्यन शुक्ला, अमर मिश्रा, कोषाध्यक्ष हेमचंद केशरवानी, पद्मेश्वरी साहू, पलारी नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू, रोहासी नगर पंचायत अध्यक्ष नंदेश्वर साहू सहित अन्य पदाधिकारी व वरिष्ठ कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

लंबित पेंशन प्रकरणों का 30 अक्टूबर तक निराकरण के निर्देश

सेवानिवृत्ति के दिन कर्मचारी के हाथ में हो पीपीओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग के निर्देशानुसार पेंशन प्रकरणो का शीघ्र निराकरण हेतु सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष बलौदाबाजार मे पेंशन निराकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर मे समस्त विभागों के आहरण एवं संवितरण अधिकारी शामिल हुए औऱ लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु दिशा-निर्देश प्राप्त किये। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने राज्य शासन की मंशानुसार सेवनिवृत्त होने वाले अधिकारी कर्मचारियों के पेंशन एवं अन्य देयतायें उसी दिन भुगतान करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि लबे समय तक सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त होने पर कर्मचारियों को उनकी पेंशन एवं अन्य देयतायें आसानी से मिल जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि सेवानिवृत्ति के दिन कर्मचारी के हाथ मे पेंशन पेमेंट ऑर्डर की प्रति हो ताकि उसे अपने पेंशन के लिये कार्यालय का चक्कर न लगाने पड़े। उन्होंने कहा कि अब तक लंबित लगभग 317 प्रकरणों का निराकरण आगामी 30 अक्टूबर तक एवं आधार से मैपिंग नहीं हुए प्रकरणों को 5 अक्टूबर तक पूरा कराएं। उन्होंने कहा कि सेवा निवृत्त होने के 24 महीने पूर्व ही पेंशन एवं अन्य स्वत्वों के भुगतान हेतु प्रक्रिया शुरू करें। जिला कोषालय हर माह सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की सूची औऱ उनमे से सेवानिवृत्ति के दिन पेंशन आदेश की प्रति एवं सभी देयता प्राप्त करने वालों की सूची तैयार करने के निर्देश दिये। शिविर मे विभिन्न विभागों के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा रखे गए समस्याओं के संबंध मे उपयुक्त जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला कोषालय अधिकारी सौम्या शर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं आहरण संवितरण अधिकारी उपस्थित थे।





मेरे सपनों के भारत पर बच्चों ने उकेरी विकसित देश की तस्वीर, चित्रकला में दिखाया हुनर

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

ब्लॉक स्तरीय स्पर्धा में 190 से अधिक छात्र-छात्राएं हुए शामिल

किसी ने अपने चित्र में स्वच्छ और सुंदर भारत की तस्वीर उकेरी, तो किसी ने विकसित तकनीक, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भरता से आगे बढ़ते देश की कल्पना को कागज पर उतार दिया। वहीं बच्चों ने अपने भाषण के माध्यम से बताया कि वे आने वाले भारत को कैसा देखना चाहते हैं। सेवा संकल्प अभियान के तहत 'मेरे सपनों का भारत' आयोजन में विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशक्ति और विचारों से विकसित भारत की जीवंत तस्वीर प्रस्तुत की। तिल्दा के बीएनबी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिल्दा-नेवरा में आयोजित विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे प्रदेश में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत विद्यार्थियों ने 'मेरे सपनों का भारत कैसा हो' विषय पर चित्रकला एवं भाषण के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में प्राथमिक स्तर के 39 तथा उच्च प्राथमिक स्तर के 54 विद्यार्थियों ने भाषण प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर के 41 और उच्च प्राथमिक स्तर के 60 छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अपने हुनर का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम में पार्षद रानी सौरभ जैन, भाजपा शहर उपाध्यक्ष सौरभ जैन, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीखेश्वर जाहिरे तथा बीआरसीसी देवेंद्र ठाकुर सहित अन्य अधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे। सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीखेश्वर जाहिरे ने कहा कि विद्यार्थियों की प्रतिभा को सामने लाने के लिए इस तरह के आयोजन महत्वपूर्ण हैं।





चित्रों में बच्चों का अपना भारत

विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए चित्रों में स्वच्छ एवं प्रदूषणमुक्त भारत, बेहतर शिक्षा, आधुनिक तकनीक, हरियाली, आत्मनिर्भरता और देश की प्रगति जैसे विषय प्रमुखता से दिखाई दिए। बच्चों ने रंगों के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया कि उनका भारत ऐसा हो, जहां हर बच्चे को अच्छी शिक्षा मिले, पर्यावरण सुरक्षित रहे और देश विकास की नई ऊंचाइयों को छुए। भाषण प्रतियोगिता में भी विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ अपने विचार रखे। बच्चों ने कहा कि उनका सपना ऐसा भारत बनाने का है जो शिक्षा, विज्ञान, तकनीक, स्वच्छता, रोजगार और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में आगे हो तथा जहां हर नागरिक को समान अवसर मिले। विद्यार्थियों के विचारों में देश के प्रति सेवा, जिम्मेदारी और राष्ट्र निर्माण की भावना स्पष्ट दिखाई दी।

खबर संक्षेप

राष्ट्रीय गांड़ा महासमाज के सलाहकार बने मनमोहन

रायपुर। राष्ट्रीय गांड़ा महासमाज के संगठन विस्तार को लेकर ओडिशा के टिटलागढ़ में नवाखाई का आयोजन किया गया। इस दौरान आशा किरण ग्रुप के मालिक एवं समाजसेवी मनमोहन कुमार को राष्ट्रीय गांड़ा महासमाज का सलाहकार नियुक्त किया गया। उन्होंने कहा, समाज के योग्य लोगों की पंचायत से लेकर विधानसभा और संसद तक लोकतांत्रिक भागीदारी बढ़नी चाहिए। राष्ट्रीय गांड़ा महासमाज के संस्थापक अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा, समाज को अब राष्ट्रीय स्तर पर एक-दूसरे का हाथ पकड़कर आगे बढ़ाने का समय आ चुका है। छत्तीसगढ़ से ओडिशा के टिटलागढ़ पहुंचने का उद्देश्य दोनों राज्यों सहित देशभर में निवासरत गांड़ा समाज के बीच सामाजिक रिश्ते और संगठन को मजबूत करना है। समारोह में पूर्व चेयरमैन भरत तांडी, इंजीनियर बीएस तांती, अर्जुन नाग, ललित कुमार, चितरंजन बीसी, अधिवक्ता महेश नायक, अधिवक्ता हरीश सुना सहित सैकड़ों समाजजन उपस्थित रहे। समारोह में समाजजनों ने सामाजिक एकता, शिक्षा, संगठन और लोकतांत्रिक भागीदारी मजबूत करने का संकल्प लिया। राष्ट्रीय प्रभारी बनवाली छुरा ने सामाजिक और सांस्कृतिक एकता पर जोर दिया।

मौसम : 15 दिनों से सूखे पड़े खेतों में भरा पानी, लहलहा उठी फसल

झमाझम बारिश से टेल एरिया के किसानों की चिंता दूर, धान की फसल को मिली संजीवनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

जिले में गुरुवार और शुक्रवार को रुक-रुककर हुई झमाझम बारिश ने टेल एरिया गांव टोनाटार, नवागांव सहित अन्य गांवों के किसानों की चिंता दूर कर दी है। करीब 15 दिन से बारिश नहीं होने कारण खेत सूखने की स्थिति में पहुंचने लगा था और धान की फसल पीले पड़ना शुरू हो गया था। खेत सूखने से किसान काफी चिंतित थे और जल संसाधन विभाग से धान की फसल को बचाने के लिए पानी की मांग कर रहे थे ऐसे समय में दो दिनों तक रुक रुक कर हुई तेज बारिश से खेतों में प्राप्त पानी पहुंचा है। इससे धान की फसल को नई संजीवनी मिली है और खेतों में एक बार फिर हरियाली दिखाई देने लगी है बारिश के बाद खेतों में पानी भर गया है और धान की फसल लहलहा उठी है। टोनाटार के किसान गेंदराम वर्मा राजेंद्र रजक दुलार यादव लखन वर्मा रामकुमार जायसवाल चिंतामणि जायसवाल महेश कोसले बाजेलाल दिवाकर



उमेंद्र वर्मा रामाधार वर्मा एवं नवागांव के किसान भागवत वर्मा होरीलाल वर्मा केसरी वर्मा का कहना है कि धान की फसल के लिए बारिश बहुत जरूरी था। लंबे अंतराल के बाद हुई 2 दिन की झमाझम बारिश से धान की फसल को काफी फायदा मिलने की उम्मीद है यदि आने वाले दिनों में भी मौसम अनुकूल रहा और प्राप्त बारिश होती रही या नहर से पर्याप्त मात्रा में पानी मिलता रहा तो धान के उत्पादन में सुधार हो सकता है। बारिश के साथ तेज हवाएं चलने से जिले की कुछ हिस्सों में जनजीवन प्रभावित हुआ है लेकिन खेती किसानी के लिहाज से यह बारिश राहत लेकर आई है। लंबे समय से बारिश नहीं होने के कारण किसान खेतों में खड़ी फसल को लेकर काफी चिंतित थे पानी की अभाव में फसल सूखने की स्थिति में पहुंच रही थी अब खेतों में पानी पहुंचने से किसानों के चेहरों पर फिर से उम्मीद दिखाई देने लगी है।

बाढ़ पीड़ित किसानों का फसल मुआवजा के साथ धान खरीदी भी करें सरकार : माहेश्वरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के बीच क्षेत्र की नदियों में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए भाटापारा विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी सुनील माहेश्वरी ने बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा कर जमीनी हालात का जायजा लिया। बाढ़ पीड़ितों के साथ भाजपा सरकार को उदारता एवं संवेदनशीलता दिखाना होगा। इस बीच कृषक प्रताप निषाद ने बताया की किसानों के फसल का राजस्व के अधिकारियों के द्वारा मुआवजा प्रकरण बनाया जाता है लेकिन जो किसान मुआवजा लेते हैं उनका सरकार धान खरीदी नहीं करती। इस पर माहेश्वरी ने कहा कि बाढ़ के बाद फसल में जो बीमारी आती है, उसके दवाई छिड़काव में ही मुआवजा से ज्यादा राशि लग जाती है। इसलिए शासन एवं प्रशासन संवेदनशील होकर ऐसी व्यवस्था बनाएं कि किसानों को पर्याप्त मुआवजा भी मिले और उनके फसल की खरीदी भी की जाए। श्री माहेश्वरी ने स्वयं पानी में चल कर के ग्राम दौरेंगा और कुलीपोटा के ग्रामीणों से संपर्क किया। साथ ही किसान नेता विवेक अग्रवाल द्वारा 2 क्विंटल से अधिक उपलब्ध कराए गए सब्जी को हेमू निषाद के द्वारा नाव के माध्यम से गांव तक पहुंचाकर वितरण करवाया। साथ ही माहेश्वरी ने संपूर्ण क्षेत्र के जनप्रतिनिधि आम नागरिक प्रशासनिक अधिकारियों से अपील की है की वे सभी यथासंभव तन मन एवं धन से बाढ़ पीड़ितों को सहयोग करें। बाढ़ पीड़ित क्षेत्र में जनसंपर्क के समय प्रमुख रूप से विवेक अग्रवाल, हेमु निषाद, गौकरण निषाद, प्रताप निषाद, संतोष ध्रुव, हीरा ध्रुव, अशोक ध्रुव, अमरसिंग, बिरझू बैगा, बलराम कृष्णा, गणेश, दिलहरण सरपंच दौरेगा भगवान सिंह, मन्नू साहू, तुलेराम साहू,मंशाराम पाल आदि लोग उपस्थित थे।

रमाशंकर साहू को मिला राज्य स्तरीय एजुकेशन स्कलप्टर अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला राजादेवरी, विकासखंड कसडोल के शिक्षक रमाशंकर साहू को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं योगदान के लिए राज्य स्तरीय एजुकेशन स्कलप्टर अवार्ड-2026 से सम्मानित किया गया। एम.डी. एजुकेशन सोसायटी सरायपाली द्वारा कलिंगा यूनिवर्सिटी रायपुर के सहयोग से छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत 26 सितंबर को कलिंगा यूनिवर्सिटी रायपुर के सभागृह में राज्य स्तरीय संगोष्ठी सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्रदेश के 33 जिलों से शोध, साहित्य एवं शिक्षा जगत से जुड़े प्रबुद्धजनों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 125 शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य शिक्षा आयोग के अध्यक्ष सुधीर गौतम ने शिक्षक सम्मान एवं राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मेलन के आयोजन को समयोचित, स्वागत योग्य एवं परिवर्तनकारी पहल बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के विशिष्ट कार्यों की पहचान कर उन्हें प्रोत्साहित करना समाज एवं शिक्षा व्यवस्था के लिए प्रेरणादायी कार्य है। समारोह में कलिंगा यूनिवर्सिटी रायपुर के कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी ने गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराते हुए विचार-संवाद को समृद्ध किया। वहीं भूमि बिल्डकान एंड डेवलपर्स के प्रमोद देहरी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

शिक्षिका ने बच्चों को बांटे टाई और बेल्ट

हथबंध। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छेरकाडीह, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में विद्यार्थियों के बीच अनुशासन, एकरूपता एवं विद्यालय के प्रति आकर्षण बढ़ाने के उद्देश्य से सराहनीय पहल की गई। विद्यालय की सहायक शिक्षिका खेमेश्वरी साहू द्वारा कक्षा पहली से आठवीं तक अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को टाई एवं बेल्ट वितरित किया गया। विद्यार्थियों को टाई-बेल्ट मिलने से उनके चेहरे पर खुशी देखने को मिली। इस पहल से बच्चों में विद्यालय की वेशभूषा के प्रति रुचि बढ़ने के साथ ही उनमें अनुशासन और विद्यालय के प्रति अपनत्व की भावना को भी बढ़ावा मिला। इस अवसर पर प्रधान पाठक रूपेंद्र कुमार चंद्राकर ने शिक्षिका खेमेश्वरी साहू की पहल की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अनुशासन और अच्छी आदतों के लिए प्रेरित करना भी शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस तरह की पहल विद्यार्थियों के मन में विद्यालय के प्रति सकारात्मक भावना पैदा करती हैं।



196 श्वानों का किया गया टीकाकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़पार सरसींवां



सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में विश्व रैबीज दिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत पशुधन विकास विभाग द्वारा जिले के विभिन्न संस्थानों में रैबीज नियंत्रण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के दौरान विकासखण्ड सारंगढ़ में 83, बरमकेला में 61 और बिलाईगढ़ में 52 श्वानों का निःशुल्क टीकाकरण किया गया। इस तरह जिले में कुल 196 श्वानों को रैबीज से बचाव का टीका लगाया गया।

टीकाकरण के साथ श्वानों की डिवार्मिंग भी की गई तथा पशुपालकों और आम नागरिकों को रैबीज बीमारी, उसके संक्रमण और बचाव के उपायों के संबंध में जागरूक किया गया। रैबीज एक गंभीर एवं घातक जूनोटिक बीमारी है, जो संक्रमित पशु के काटने या उसकी लार के संपर्क में आने से मनुष्यों में भी फैल सकती है। बीमारी के लक्षण प्रकट होने के बाद यह अत्यंत घातक हो जाती है और मृत्यु की संभावना लगभग निश्चित होती है। ऐसे में रैबीज की रोकथाम के लिए श्वानों का समय पर टीकाकरण महत्वपूर्ण है।

पशुधन विकास विभाग द्वारा पशुपालकों को अपने श्वानों का नियमित टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित किया गया। विभाग ने आमजन से अपील की है कि श्वान के काटने की घटना को हल्के में न लें और ऐसी स्थिति में तत्काल स्वास्थ्य विभाग से संपर्क कर चिकित्सकीय सलाह एवं आवश्यक उपचार प्राप्त करें। साथ ही पशुपालक अपने श्वानों का समय पर टीकाकरण कराएं। पशुओं के नियमित टीकाकरण और आमजन में जागरूकता के माध्यम से रैबीज जैसी गंभीर बीमारी के संक्रमण को नियंत्रित करने में प्रभावी सहयोग मिल सकता है।

पेज 9 के शेष

पानी उतरते ही...

की जानकारी ली। रहे थे। बाढ़ का पानी बहुत ही धीमी से घटने लगे थे और अभी नीचले हिस्सों के घर मकान एवं दुकान में पानी भरा हुआ है। वहीं यातायात व्यवस्था पर राहगीरों को बहुत परेशानियों का सामना करना पडा क्योंकि गिधौरी में चारों बाढ का पानी से रास्ता जाम हो गया था और आवागमन बाधित था गिधौरी - शिवरीनारायण महानदी शबरी सेतु पुल पर तकरीबन 2 बजे के आसपास पानी एक फिट नीचे चल रहा था।

नाव में सवार...

ग्रामीणों ने बाढ़ से उत्पन्न परेशानियों के साथ आवास की जरूरत भी उनके सामने रखी। वित्त मंत्री ने अधिकारियों को राहत शिविर में रह रहे लोगों के लिए पर्याप्त भोजन, स्वास्थ्य जांच और उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रभावित परिवारों के रहने की समुचित व्यवस्था तथा आवास से संबंधित आवश्यकताओं पर भी अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। राहत शिविर के निरीक्षण के बाद वित्त मंत्री श्री चौधरी ग्राम बोरिदा पहुंचे। यहां उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र की स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद वे राहत एवं बचाव दल के साथ नाव में सवार होकर जलमग्न ग्राम ठेंगागुड़ी पहुंचे। जलभराव के बीच मौके पर पहुंचकर उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात की और गांव की स्थिति, लोगों के सुरक्षित रहने तथा राहत व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उनके साथ राहत एवं बचाव दल की टीमें भी मौजूद रहीं। इसके बाद उन्होंने ग्राम तोरा पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद किया और बाढ़ एवं जलभराव की स्थिति का निरीक्षण किया।

छत्तीसगढ़ और ओडिशा सरकार के समन्वय हीराकुंड से जलप्रवाह प्रबंधन में तेजी, महानदी का बाढ़ अब नियंत्रण में मीडिया से चर्चा करते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि बंगाल की खाड़ी से लगे तटीय क्षेत्रों तथा छत्तीसगढ़ के बस्तर, धमतरी, रायपुर, सारंगढ़-बिलाईगढ़, सक्ती और रायगढ़ जिले के पुसौर क्षेत्र में लगातार दो-तीन दिनों तक हुई भारी बारिश के कारण महानदी के निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति बनी।

ग्राम पोरथ में बस्ती के भीतर करीब 4 से 5 फीट पानी बह रहा है और मंदिर के पास चार घरों में पानी प्रवेश कर चुका है। रानीडीह में चार घर प्रभावित हुए हैं और करीब 30 लोगों को शासकीय चौपाल में सुरक्षित रखा गया है, जहां पंचायत द्वारा भोजन की व्यवस्था की जा रही है। तोरा में ढलान वाले क्षेत्र में करीब तीन फीट पानी जमा है तथा दो घर प्रभावित हुए हैं। यहां करीब 20 से 25 लोग सुरक्षित हैं।

रेबो में सभी 11 मकानों में पानी भर गया है। ग्रामीणों को ऊंचे स्थान पर सुरक्षित रखा गया है और मवेशियों को भी सुरक्षित स्थल पर पहुंचाया गया है। ठेंगागुड़ी में 10 से 12 मकान प्रभावित हुए हैं और गांव का रास्ता बंद है। यहां के करीब 40 लोग लुकापारा राहत केंद्र में सुरक्षित हैं। बोरीदा में सांकरा-बोरीदा मुख्य मार्ग पर पानी भरा हुआ है और एसडीआरएफ की टीम तैनात है। ठेंगागुड़ी और बोरीदा क्षेत्र के करीब 60 लोग सरिया के राहत शिविर में सुरक्षित हैं।

जानलेवा हमला करने ...

बलौदाबाजार में भर्ती कराया गया।जिस पर पुलिस की त्वरित कार्यवाही एवं गिरफ्तारी घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना पलारी में अपराध क्रमांक 387/2026 धारा 296, 109(1), 118(1), 3(5) BNS के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पलारी पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपियों की पतासाजी कर दिनांक 27.09.2026 को हिरासत में लिया गया। आरोपियों से पूछताछ एवं मेमोरेंडम कथन के आधार पर घटना में प्रयुक्त चाकू एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल क्र. सीजी 04 एम एफ़ 0146 विधिवत जप्त किया गया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा घटित करना पाए जाने पर उन्हें विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया की जा रही है।

पुलिस ने 6...

जप्त किया गया। तथा आरोपी जितेंद्र साहू पिता मदन लाल साहू, उम्र 27 वर्ष, साकिन दामाखेड़ा, मुकेश कुमार साहू पिता गणेशराम साहू, उम्र 33 वर्ष, साकिन तुमा, थाना चंदनु, जिला बेमेतरा, त्रिभुवन गेंढरे पिता साधराम गेंढरे, उम्र 32 वर्ष, साकिन मुनरबोड़, थाना बेमेतरा, जिला बेमेतरा के विरुद्ध धारा 3 (2) जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की कार्यवाही की गयी है। दूसरी कार्यवाही में ग्राम दामाखेड़ा साप्ताहिक बाजार में बिजली खंभे की लाइट के उजाले में कुछ लोग ताश पत्ती से जुआ खेल रहे हैं। पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की गई, जहां 03 जुआड़ी काटपत्ती जुआ खेलते पकड़े गए। आरोपियों के कब्जे व फड़ से नगदी रकम 2,550 रुपए एवं 52 पत्ती ताश जप्त किया गया। साथ ही आरोपी शंकर लाल सोनवानी पिता बड़कू सोनवानी, उम्र 43 वर्ष, साकिन दामाखेड़ा, रेवाराम सोनवानी पिता धनवार सोनवानी, उम्र 30 वर्ष, साकिन दामाखेड़ा, ठाकुर राम साहू पिता गेंदलाल साहू, उम्र 24 वर्ष, साकिन किरवई, के विरुद्ध धारा 3(2) जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की कार्यवाही की गयी है। दोनों ही कार्यवाही में जुआरियों के कब्जे से कुल नगदी रकम 5,090 रुपए एवं 104 पत्ती ताश जप्त किया गया।

धरती ने ओढ़ी ...

जिससे वातावरण पूरी तरह बदला-बदला नजर आया। किसानों के लिए वरदान साबित हुई। लगातार बारिश किसानों के लिए राहत लेकर आई है। बारिश से पहले कई खेतों में पानी की कमी के कारण जमीन सूखने लगी थी। फसलों को पर्याप्त नमी की जरूरत थी। ऐसे समय में हुई बारिश से खेतों में पर्याप्त मात्रा में पानी पहुंच गया है। इससे किसानों को फसलों के लिए बड़ी राहत मिली है। ग्रामीण किसानों का कहना है कि समय पर हुई बारिश से खेतों में नमी बनी रहेगी और फसलों को इसका लाभ मिलेगा। बारिश ने खेती-किसानी के लिए अनुकूल माहौल बना दिया है। हालांकि अब किसान मौसम साफ होने के बाद खेतों में जमा पानी और फसलों की स्थिति पर भी नजर बनाए हुए हैं।

एसआईआर के विरोध...

व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही से जुड़े मुद्दे उठाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में सुरक्षित रहना चाहिए और पुनरीक्षण की प्रक्रिया निर्धारित नियमों के अनुरूप पारदर्शी तरीके से होनी चाहिए। नेताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए उनके इस्तीफे तथा एसआईआर से संबंधित निर्णयों की समीक्षा की मांग रखी।

सुपुत्री के जन्मदिन पर वृद्धाश्रम में बांटे फल और गर्म कपड़े



हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधपुरी

जन्म दिवस के अवसर पर आजकल जहां केक काटकर खुशियां मनाने का चलन बढ़ रहा है, वहीं बलौदाबाजार क्षेत्र से जुड़े पेड़ नहीं हम प्राण लगाबो परिवार के सदस्य देवमणी साहू और गोदावरी साहू ने अपनी सुपुत्री के जन्मदिन को समाजसेवा और पर्यावरण संरक्षण से जोड़कर प्रेरणादायक पहल की। उन्होंने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित श्री वाटिका वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्धजनों को कंटोप, मोजे और फल वितरित किए। साथ ही पौधा भेंट कर उसके संरक्षण और रोपण का संदेश दिया।इस अवसर पर गोदावरी साहू ने कहा कि माता-पिता को ईश्वर से भी ऊंचा दर्जा दिया गया है, लेकिन वर्तमान समय में कई बुजुर्गों को वृद्धावस्था में अपनों की उपेक्षा का सामना करना पड़ता है। ऐसे में वृद्धजनों के साथ कुछ समय बिताना और उनकी जरूरतों में सहभागी बनना समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मां-बाप कभी बूढ़े नहीं होते, वे बरगद के पेड़ की तरह होते हैं, जो जीवनभर अपने बच्चों को सुख, शांति, शीतलता और समृद्धि प्रदान करते हैं।

खबर संक्षेप



खरोरा के वार्ड क्रमांक 11 में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित

खरोरा। नगर पंचायत खरोरा के वार्ड क्रमांक 11 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में 'आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहित वार्डवासी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संबंध में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि अनिल सोनी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस तथा उनके जनसेवा कार्यकाल के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर में 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जा रहा है। इसी क्रम में खरोरा के आंगनबाड़ी केंद्र में 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, डॉ. अमीन खान, डॉ. गुलाब टिकरिहा, सुनीता अनिल सोनी, रश्मि वर्मा, पंचराम यादव, पुणेद्र पाध्याय सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं वार्डवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सेवा एवं जनसहभागिता का संदेश दिया गया। उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

राहुल गांधी देश और चुनाव आयोग से माफी मांगें: यादव

बलौदाबाजार। स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर कांग्रेस द्वारा निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर उठाए जा रहे सवालों के बीच भाजपा ने कांग्रेस पर पलटवार किया है। भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव ने कहा कि कांग्रेस को बार-बार जनता द्वारा नकारे जाने के बाद अब देश की संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बनाने के बजाय तथ्यों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने राहुल गांधी से निर्वाचन आयोग और देश की जनता से माफी मांगने की मांग की।आनंद यादव ने कहा कि निर्वाचन आयोग के मुख्य



निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा दोनों चुनाव आयुक्तों डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी की संयुक्त बैठक एवं बयान के बाद एसआईआर को लेकर कांग्रेस और विपक्षी दलों द्वारा लगाए जा रहे आरोपों पर स्थिति स्पष्ट हुई है। निर्वाचन आयोग की ओर से कहा गया है कि एसआईआर सहित प्रमुख निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा निर्वाचन आयोग में मतभेद होने के संबंध में किए जा रहे दावों पर आयोग के संयुक्त बयान से स्थिति स्पष्ट हो गई है। यादव ने आरोप लगाया कि कांग्रेस संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर सवाल उठाकर भ्रम की स्थिति पैदा करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग देश में चुनाव प्रक्रिया संचालित करने वाली संवैधानिक संस्था है और उसकी कार्यप्रणाली पर सवाल तथ्यों के आधार पर ही उठाए जाने चाहिए।

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बंदर की मौत, ग्रामीणों ने रीति-रिवाज से किया अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

भटगांव मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों का कहर एक बार फिर देखने को मिला। सड़क पार कर रहे एक बंदर को अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

हादसे के बाद बेजुबान का शव सड़क किनारे पड़ा रहा और वाहन चालक बिना रुके मौके से निकल गया। इसी दौरान भटगांव की ओर जा रहे जीवन साहू की नजर सड़क पर पड़े मृत बंदर पर पड़ी। घटना को देखकर उन्होंने गहरी संवेदना व्यक्त की और राहगीरों को रोककर बेजुबान जीव के सम्मानजनक अंतिम संस्कार की पहल की। जीवन साहू के आह्वान पर कई लोगों ने सहयोग किया और सभी ने मिलकर धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ बंदर का अंतिम संस्कार किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में केवल इंसान ही नहीं, बल्कि वन्य जीव और बेजुबान पशु भी प्रतिदिन अपनी जान गंवा रहे हैं। तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। मानवता और जीव प्रेम का परिचय देते हुए जीवन साहू ने बनदारी के सरपंच से फोन पर चर्चा कर उस स्थान पर एक छोटा स्मृति स्थल अथवा मंदिर निर्माण कराने का प्रस्ताव रखा।

सड़क हादसे में बंदर की मौत, स्मृति स्थल बनाने का भी रखा प्रस्ताव



इंसानियत की मिसाल पेश की

उन्होंने स्वयं की ओर से ईंट उपलब्ध कराने की बात कही, वहीं जीतेश्वर यादव ने मंदिर निर्माण के लिए सीमेंट उपलब्ध कराने में सहयोग देने की घोषणा की। एक ओर जहां तेज रफ्तार वाहन ने एक बेजुबान की जिंदगी छीन ली, वहीं दूसरी ओर कुछ संवेदनशील लोगों ने यह साबित कर दिया कि इंसानियत आज भी जिंदा है। जीवन साहू और उनके सहयोगियों की इस पहल की क्षेत्र में सराहना हो रही है। लोगों का कहना है कि बेजुबान जीवों के प्रति संवेदना और सम्मान का यह संदेश समाज के लिए प्रेरणादायी है। अंतिम संस्कार के दौरान जीवन साहू, अमन डहरिया, आलोक सिदार, जीतेश्वर यादव, यशवंत साहू, रुस्तम सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी 3 अक्टूबर को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में लेंगे हिस्सा

चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता में 300 से अधिक छात्रों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार





सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत सोमवार को विभिन्न विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम एमडीव्ही विद्यालय बलौदाबाजार में आयोजित हुआ। इस आयोजन में ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजित प्रतियोगिताओं में भाषण, चित्रकला और रंगोली प्रतियोगिताएं शामिल रहीं। इन प्रतियोगिताओं में 341 छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया।भाषण में 5, चित्रकला में 20 एवं रंगोली प्रतियोगिता में चयनित 5 प्रतिभागी 3 अक्टूबर को आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। विकासखण्ड स्तरीय भाषण प्रतियोगिता मे 120 प्रतिभागी शामिल हुए जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला रसेड़ा के छात्र विवेक घृतलहरे, शासकीय प्राथमिक शाला बेसिक शाला बलौदाबाजार की छात्रा कु. अर्चना घृतलहरे, सेजेस पूर्व माध्यमिक शाला अर्जुनी की छात्रा कु सौम्या वर्मा, पूर्व माध्यमिक शाला गिंदोला की छात्रा दीपिका ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विकासखण्ड स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता मे 166 ने भाग लिया जिसमें शास. प्राथमिक शाला बेसिक शाला बलौदाबाजार की कु. अर्चना घृतलहरे, शासकीय प्राथमिक शाला मगरचबा की कुसुम कोसले, सेजेस पूर्व मा. शाला अर्जुनी के छात्र प्रिंस भारद्वाज, वर्धमान विद्या पीठ ब. बाजार की छात्रा श्रुति निषाद ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विकासखण्ड स्तरीय रंगोली प्रतियोगिता कुल 55 प्रतिभागी 55 जिसमें सेजेस एमडीव्ही बलौदाबाजार की छात्रा डिंपल कन्नौजे, वर्धमान विद्या पीठ ब. बाजार के प्रिंस कौशिक, शासकीय प्राथमिक शाला बेमेतरा की छात्रा लालिमा ध्रुव शासकीय प्राथमिक शाला करमदा की छात्रा गरिमा मेहर ने उत्कृष्त प्रदर्शन किया। आयोजन में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र टण्डन, विकासखण्ड स्त्रोत केन्द्र समन्वयक गोपाल वर्मा, एमडीव्ही प्राचार्य ऋतु शुक्ला तथा निर्णयक रूद्रकुमार चंन्द्रवंशी, प्रकाश सेन, अजय नथेनियल, ओमप्रकाश कोसले, धीरेन्द्र नामदेव, भुपेन्द्र पटेल आदि उपस्थित रहे।

चित्रकला प्रतियोगिता में पूर्वी तृतीय

पलारी। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दतान प विद्यालय कक्षा 6वीं की होनहार छात्रा पूर्वी धीवर ने विकासखंड स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं ग्राम दतान प का नाम गौरवान्वित किया है। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के कुल 6 बच्चों ने रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी कला, रचनात्मकता एवं प्रतिभा का प्रदर्शन किया।बच्चों की यह सहभागिता उनकी कल्पनाशीलता, मेहनत और कलात्मक अभिरुचि का परिचायक है। पूर्वी धीवर की इस सफलता से विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है। यह उपलब्धि विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने तथा भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगी। विद्यालय परिवार की ओर से कु. पूर्वी धीवर की उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह सफलता केवल एक पुरस्कार नहीं, बल्कि विद्यालय में छिपी प्रतिभाओं के निरंतर निखरने का प्रतीक है। उक्त अवसर पर देवकी ध्रुव, किरण ठाकुर, अनीता रात्रे, सरस्वती वर्मा, संध्या पैकरा, मधु फेकर, कमलेश साहू, अभिषेक महोबे, शिव कुमार वर्मा, देवेश साहू, श्रवण साहू, प्रकाश कुमार सेन, तेजराम साहू, दयाराम साहू आदि उपस्थित रहे।





ग्राम पंचायत दशरमा में गणेश विसर्जन की धूम

रिसदा। जिला मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत दशरमा में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गणेश उत्सव का समापन बेहद उत्साह और भक्तिमय माहौल में हुआ। गांव की सभी गणेश उत्सव समितियों ने आपसी भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए सामूहिक रूप से भव्य विसर्जन रैली निकाली। विसर्जन के लिए ट्रैक्टरों और चार पहिया वाहनों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। बाजे-गाजे और पारंपरिक धुनों के बीच निकली यह भव्य रैली गांव के प्रमुख रास्तों, गली-मोहल्लों से गुजरी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु झूमते-नाचते नजर आए। इसके बाद गांव के छोटे बांध में सभी प्रतिमाओं का पूर्ण विधि-विधान के साथ सामूहिक विसर्जन किया गया। इस भव्य विसर्जन रैली में रामायण चौक, गांधी चौक, महामाया चौक, चौगड्ढा चौक, स्कूल पारा, दाईहान पारा और दादा चौक गणेश उत्सव समितियों सहित घरों में विराजित भगवान गणेश की प्रतिमाएं शामिल हुईं। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में देव साहू, साहिल पैकरा, राहुल यदु, देवनाथ यादव, देवानंद ध्रुव, लव साहू, धनेश्वर यदु सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा।

मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन योजना से संत राम को मिला आर्थिक संबल



बलौदाबाजार। मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन योजना जरूरतमंद श्रमिकों के जीवन में आर्थिक संबल का माध्यम बन रही है। जिले के अहिल्दा निवासी संतराम साहू को योजना के तहत हर महीने रूपये 1,500 की पेंशन प्राप्त हो रही है। श्री साहू इस राशि का उपयोग अपने इलाज एवं स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरा करने में कर रहे हैं। संत राम साहू ने बताया कि नियमित रूप से मिलने वाली पेंशन राशि से उन्हें काफी राहत मिल रही है। बीमारी के दौरान इलाज और दवाइयों पर होने वाले खर्च में यह राशि उनके लिए उपयोगी साबित हो रही है। उन्होंने श्रमिकों के हित में संचालित इस योजना के लिए शासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन योजना के माध्यम से पात्र निर्माण श्रमिकों को नियमित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे उन्हें दैनिक जरूरतों, स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक खर्चों को पूरा करने में सहयोग मिल रहा है। यह पहल श्रमिकों के सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

तालाब में चलाया गया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



सेवा संकल्प अभियान एवं स्वच्छता ही सेवा 2026 अंतर्गत सोमवार को नगर पालिका परिषद बलोदाबाजार के वार्ड क्रमांक 6 स्थित पिपराहा तालाब मे नगर पालिका द्वारा सतत सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान तालाब के किनारे एवं जल क्षेत्र में जमा ज ली य खरपतवार एवं अन्य अवांछित सामग्री को जनप्रतिनिधि गण, पालिका अधिकारी-कर्मचारी द्वारा श्रमदान कर सफाई अभियान चलाया गया, जिससे तालाब का स्वरूप स्वच्छ एवं व्यवस्थित हों। नगर पालिका परिषद बलोदाबाजार द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि तालाब में कचरा, प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट न डालें और इस ऐतिहासिक धरोहर को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने में नगर पालिका का सहयोग करें। शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिले मे 17 सितम्बर से सेवा मेरा योगदान अंतर्गत नगरीय निकायों मे शहर के तालाब परिसर, सड़क, चौराहों एवं जलभराव क्षेत्र में नियमित रूप से सफाई कार्य किया जा रहा है। अभियान में वार्ड पार्षद हरजीत सिंह सलूजा, सतीश पटेल, जितेंद्र कुमार डडसेना, मनोजकांत पुरैना, मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी व अन्य कार्यालयीन कर्मचारीगण एवं नागरिकगण उपस्थित थें।

- श्रमदान कर की गई साफ-सफाई

कनकी में 'आंगन मिलन उत्सव' कार्यकर्ताओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा





सेवा संकल्प अभियान 2026 के तहत सोमवार को ग्राम पंचायत कनकी बुथ 67/68मे आंगन मिलन उत्सव मनाया गया।

सर्वप्रथम गर्भवती माताओं के गोदभराई, छोटे बच्चों का अन्न प्रासन किया गया, आंगनबाड़ी केंद्र कनकी और परसदा की कार्यकर्ता, सहायिका बहनो का श्री फल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न प्रकार की व्यंजन एवं साक शब्जियो का प्रदर्शनी का जायजा लिए, मुख्य अतिथि के रूप में सोना वर्मा ने बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ सरकार की विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाएं आंगनबाड़ी के माध्यम से संचालित होता है, महिलाओं के लिए जन्म से ही सरकार द्वारा योजना चालू हो जाती है बेटी जन्म लेते ही आज माता को अपने स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए 6 हजार, मजदूर कार्ड के माध्यम से 20 हजार प्रदान किया जाता है, इसके अलावा बहुत सी योजनाओं की जानकारी मंडल अध्यक्ष सोना वर्मा द्वारा दिया गया,इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग ठाकुर मैडम द्वारा विभाग से संचालित होने वाली योजनाओं से कैसे जुड़ सकते हैं इसकी जानकारी दि गई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सोना वर्मा पूर्व जिला पंचायत रायपुर, ठाकुर महिला बाल विकास विभाग, जयसवाल परियोजना अधिकारी तिल्दा, दुर्गेश वर्मा सरपंच कनकी, कोमल साहू ग्राम सचिव, प्रधान पाठक कंचन, बुथ अध्यक्ष दिनेश वर्मा, अश्वनी वर्मा, धनेश्वरी वर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरस्वती वर्मा, सावित्री यादव, पूर्व उपसरपंच लेखराम धीवर, मितानिन मीना वर्मा, देवकी वर्मा एवं ग्रामीण हितग्राहियों एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

315 ग्रामीणों की हुई निःशुल्क स्वास्थ्य जांच

स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें ग्रामीण : मूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा



ग्रामीण अंचलों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने की दिशा में संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड की ओर से ग्राम भुरसुदा में निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। कंपनी के सीएसआर मद से आयोजित इस शिविर में एमजीएम हॉस्पिटल रायपुर और ओम हॉस्पिटल तिल्दा-नेवरा के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने ग्रामीणों की जांच कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परामर्श और उपचार उपलब्ध कराया। शिविर में 315 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया, जबकि 31 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। ग्राम पंचायत भुरसुदा में आयोजित शिविर में भुरसुदा, गुजरा सहित आसपास के आधा दर्जन से अधिक गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। इस दौरान नेत्र परीक्षण के साथ रक्त जांच, बीपी, शुगर और सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीजों की जांच कर आवश्यक उपचार एवं परामर्श दिया। जरूरतमंद मरीजों को आगे के इलाज के लिए पंजीकृत भी किया गया। शिविर में जांच के दौरान 31 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया है। इन मरीजों को संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड के सहयोग से रायपुर स्थित एमजीएम हॉस्पिटल ले जाकर निःशुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा। मरीजों के आने-जाने के साथ उनके ठहरने की व्यवस्था भी कंपनी द्वारा की जाएगी।

निःशुल्क होगा मोतियाबिंद ऑपरेशन

संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड के एमजीके मूर्ति ने ग्रामीणों से शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने तथा अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की। वहीं कंपनी की सीएसआर हेड शीतल गोयल ने कहा कि कंपनी समय-समय पर ऐसे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का प्रयास करती रही है। उन्होंने ग्रामीणों से छोटी से छोटी बीमारी को नजरअंदाज न करने और समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने की अपील की। शिविर में मरीजों को निःशुल्क दवाइयों और नजर के चश्मों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत भुरसुदा की सरपंच सरोजनी वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि सतीश वर्मा, उपसरपंच राजेश नायक, पंच पूजा बघेल सहित पंचगण एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



खबर संक्षेप



मवेशियों से धान की फसल बचाने गांव के चारों तरफ लगाया झटका तार

मुंडा। ग्राम पंचायत बरदा में सरपंच देव कुमारी दुकालू बंजारे व सभी पंच व ग्राम वासियों के सौजन्य से बोए गए धान की फसल को आए दिन आवारा मवेशी द्वारा नुकसान पहुंचा रहे हैं जिसे देखते हुए सभी ग्राम वासियों द्वारा गांव के चारों तरफ बास की खुटा गाड कर झटका तार लगा रहे हैं ताकि बोए गए धान की फसल को मवेशी से सुरक्षित रखा जा सके और ओनहारी के समय सभी कृषक अपना-अपना खेतों में दलहन तिवरा-बटरी की उत्पादन किया जा सके ताकि किसानों को दलहन की बढ़ती महंगाई से निजात मिल सके जिसमें सम्मिलित कोमल वर्मा, दुखित यादव, शिवकुमार वर्मा, दिनेश वर्मा, अनिल वर्मा, हीरा वर्मा, द्वारका प्रसाद, परदेसी, सुखराम, शिव प्रसाद, बड़ू, संपत यादव, नागेश वर्मा, विश्वनाथ, सत्येंद्र वर्मा, नरेंद्र वर्मा, सहित ग्रामवासी रहे।

पलारी में शहीद भगत सिंह को दी श्रद्धांजलि



पलारी। शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती के अवसर पर सोमवार को नगर के भगत सिंह चौक में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस दौरान सभी ने भगत सिंह के अदम्य साहस, देशभक्ति, त्याग और बलिदान को याद करते हुए उनके महान योगदान को नमन किया। उपस्थित लोगों ने कहा कि देश की आजादी के लिए भगत सिंह और उनके साथियों द्वारा किया गया संघर्ष और बलिदान भारतीय इतिहास की अमूल्य धरोहर है। उनका जीवन आज भी युवाओं में राष्ट्रप्रेम और देश के प्रति समर्पण की भावना जागृत करता है। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू, उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, पार्षद डोमार वर्मा, मनोज वर्मा, मनीष चन्द्राकर, ताजेन्द्र कन्नौजे, साधराम साहू एवं पूरन साहू सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

आचार्य इंद्रेश महाराज से मिले बाल पर्यावरणविद आदित्य राजे सिंह

रायपुर। राजधानी के 13 वर्षीय युवा पर्यावरणविद व बाल योगगुरु आदित्य राजे सिंह ने प्रसिद्ध कथावाचक व आध्यात्मिक संत आचार्य इंद्रेश उपाध्याय महाराज से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान आदित्य ने उन्हें तुलसी का पौधा, 'रामराज्य' नामक उपन्यास भेंट किया। साथ ही स्वदेशी और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाला इको-फ्रेंडली, खादी पर अंकित 'वंदेमातरम' का विशेष फ्रेम भी भेंट किया। मुलाकात के दौरान आदित्य ने आचार्यजी को पांच वर्ष की आयु से पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, प्रकृति के प्रति जागरूकता तथा योग के क्षेत्र में किए जा रहे अपने कार्यों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया।

खालसा प्राइड ने वंडर वुमेन को 6 विकेट से हराकर फाइनल में बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

विगत दिनों आयोजित महिला क्रिकेट लीग में सिख समाज की महिला क्रिकेट टीम "खालसा प्राइड" ने शानदार खेल प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल मुकाबले में वंडर वुमेन टीम को 6 विकेट से पराजित कर अपनी खेल प्रतिभा, अनुशासन और टीम भावना का परिचय दिया।

7 ओवर के इस रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में वंडर वुमेन टीम ने 23 रन बनाकर 24 रन का लक्ष्य खालसा प्राइड के सामने रखा। खालसा प्राइड की खिलाड़ियों ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 5वें ओवर में ही 24 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया और 6 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। यह जीत केवल मैदान पर मिली सफलता नहीं, बल्कि समाज की बेटियों के आत्मविश्वास, मेहनत और खेल के प्रति समर्पण का प्रतीक है।

महिला खिलाड़ियों ने यह संदेश दिया कि "जब बेटियों को अवसर, प्रोत्साहन और विश्वास मिलता है, तो वे हर क्षेत्र में समाज का नाम रोशन कर सकती हैं।सिख समाज ने खालसा प्राइड की सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि महिला खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

महिला क्रिकेट लीगः गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा ने किया खिलाड़ियों का सम्मान



महिला खिलाड़ियों का किया गया सम्मान

महिलाओं का उत्साहवर्धन करने के उद्देश्य से गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा की ओर से खालसा प्राइड टीम की खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह, प्रमाण-पत्र एवं विजय कप प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष बबलू चावला, सचिव राजा गुम्बर, कोषाध्यक्ष हर भगवान गुम्बर, संरक्षक बलवंत सिंह सलूजा, रंजीत चावला, अमरजीत सिंह सलूजा, ज्ञानी निरंजन सिंह सहित सिख समाज के अनेक प्रमुख सदस्य एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। समाज की ओर से टीम की सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।

आयोजन : हर घर मुनगा, घर-घर मुनगा' का संदेश

आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में महिलाओं के सशक्तिकरण पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी रावन

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत रावन के आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान महिलाओं के सशक्तिकरण, पोषण और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत बघमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को आगे बढ़ाकर उनका मान-सम्मान बढ़ाया है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और पंचायत से लेकर संसद तक प्रतिनिधित्व कर रही हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार भी महिलाओं के हित में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से काम कर रही है।

राशन कार्ड में मुखिया के रूप में महिलाओं का नाम, प्रधानमंत्री आवास योजना में महिलाओं के नाम पर आवास तथा महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि कुपोषण से बचाव के लिए 'हर घर मुनगा, घर-घर मुनगा' अभियान शुरू किया गया है। मुनगा के फल और पत्तियों में कई पोषक तत्व एवं विटामिन पाए जाते हैं। उन्होंने सभी लोगों से अपने घर में कम से कम एक मुनगा का पौधा लगाने की अपील की।



कार्यक्रम में मंडल महामंत्री युगल किशोर वर्मा, युवा मोर्चा नीति एवं अनुसंधान प्रमुख सुमित वर्मा, उपसरपंच टाकेश्वर प्रसाद वर्मा, शक्ति केंद्र संयोजक शेष नारायण वर्मा, सह संयोजक कीर्ति लहरी, सहकारिता प्रकोष्ठ जिला कार्यसमिति सदस्य त्रिलोचन वर्मा, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे।

आंगनबाड़ी खरतोरा में मनाया गया पोषण तिहार

पलारी। जिले के प्रथम ग्राम पंचायत खरतोरा के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 में पोषण माह अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित हुए साथ ही रोहिणी, गौरीशंकर वर्मा ने अपनी बेटी की जन्मदिन पर न्यौता भोज कराया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेंद्र भारती सरपंच ग्राम पंचायत खरतोरा, पूर्व सरपंच सविता बिसेसर वर्मा, उपसरपंच कमलेश यदु, पंच प्रतिनिधियों में इंदु वर्मा, राजेश्वरी साहू, प्रमिला साहू, बेलशिया साहू, सावित्री जायसवाल एवं समाज सेवी लीलाधर साहू, गर्भवती, शिशुवती समस्त हितग्राही बच्चे व उनके पालकों के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। सभी पाल्यों ने सर्व प्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता यमुना साहू, राजेश्वरी साहू व सहायिका फुलवा वर्मा, अमरीका वर्मा को उक्त आयोजन के लिए प्रशंसा पत्र दिया। सभी ने बच्चों के साथ बैठकर खीर, पुरी, फल, पकवान का आनंद लिया। उक्त अवसर पर कार्यकर्ता यमुना साहू ने महिला एवं बाल विकास के अंतर्गत संचालित पोषण माह के विषय पर आधारित पोषण आहार, महतारी वंदन, मातृ वंदना, एनआरसी, न्यौता भोज पर चर्चा किया बतलाया एवं उपस्थित सदस्यों व पाल्य के साथ मिलकर मुनगा का पौधा रोपण किया।



अतिक्रमण हटाने और स्मृति स्थल की दीवार सजाने नपा अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

स्थानीय मुख्य मार्ग स्थित नयन दास महिलांग स्मृति स्थल की बाहरी दीवार के आसपास सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर समाज प्रमुखों एवं स्मृति स्थल संचालन समिति के प्रतिनिधियों ने नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में स्मृति स्थल की बाहरी दीवार को स्वच्छता एवं जनजागरूकता से जुड़े संदेशों तथा आकर्षक भित्ति चित्रों से सजाने की मांग भी रखी गई। समाज प्रमुखों ने कहा कि मुख्य मार्ग स्थित स्मृति स्थल की दीवार को कलात्मक रूप देने से शहर की सुंदरता बढ़ने के साथ लोगों में स्वच्छता एवं सामाजिक जागरूकता का संदेश भी पहुंचेगा। वहीं, दीवार के आसपास से अतिक्रमण हटाए जाने से मुख्य मार्ग पर आवागमन को भी सुगम बनाया जा सकेगा। नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने समाज प्रमुखों एवं नयन दास महिलांग स्मृति स्थल के संचालन से जुड़े प्रतिनिधियों की मांगों पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने के दौरान नगरपालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र महाले, सभापति जितेंद्र डड़सेना, कन्हैया सेन, पार्षद रोहित साहू एवं पार्षद प्रतिनिधि शशि भूषण शुक्ला उपस्थित रहे। इस अवसर पर गुरु घासीदास एवं महंत नयन दास महिलांग विकास समिति के अध्यक्ष रोहित टंडन, सचिव ओम प्रकाश कोसले, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार सोनवानी, केएल महिलांगे, मोहन सोनकर, महेश घृतलहरे, राजेश कुर्रे, अशोक घृतलहरे सहित समाज के अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

इन्द्र साव ने किया बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा, रेस्क्यू टीम को अलर्ट रहने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के बीच क्षेत्र की नदियों में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए विधायक इन्द्र साव ने बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा कर जमीनी हालात का जायजा लिया। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर ग्रामीणों से चर्चा की और उनकी समस्याओं की जानकारी ली। विधायक ने प्रशासनिक अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतने तथा जरूरतमंदों तक तत्काल सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए। विधायक साव ने रेस्क्यू टीम को अलर्ट मोड पर रहने और संभावित आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहने कहा। उन्होंने अधिकारियों से प्रभावित गांवों की स्थिति, जलभराव और आवागमन की परिस्थितियों की जानकारी लेते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विधायक इन्द्र साव ने अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गणेशपुर, तोरा, चक्रवाय, खैरघट, मांढर, दौरेंगा, कुलीपोटा, कुम्हारखान सहित एक दर्जन बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र का दौरा कर बढ़ते जल स्तर का जायजा लिया और अधिकारियों से कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी गांव में स्थिति बिगड़ने की सूचना मिलते ही तत्काल राहत एवं बचाव दल को सक्रिय किया जाए तथा जरूरत पड़ने पर लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने की व्यवस्था की जाए। विधायक इन्द्र साव के दौरे के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीण जन मौजूद रहे। विधायक ने प्रशासन को लगातार स्थिति पर नजर बनाए रखने और ग्रामीणों के साथ सतत संपर्क में रहने के निर्देश दिए।

- लापरवाही न बरतने और त्वरित राहत पहुंचाने के कड़े निर्देश





गोपालपुर बिजली कार्यालय का ट्रांसफॉर्मर खराब होते ही बदला



हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर

बिजली कार्यालय मुख्यालय गोपालपुर में लगा हुआ ट्रांसफर्मर खराब होने का संकेत दे दिया था। लेकिन विभाग के अधिकारी विशाल कश्यप जेई ने पहले से व्यवस्था कर लिए थे जैसे ही ख़राब हुआ तत्काल ट्रांसफर्मर लगाएं। जिसमें मुख्य रुप से रथ राम साहू लाईन में मणिशंकर साहू, प्रमोद साहू, रामे, जितेन्द्र, एवं स्टाफ के लोगों ने कड़ी धूप मे मेहनत कर तत्काल लाईन चालू किए तब लोगों को राहत मिली।

शोक-पत्र

कर्म पथ पर चलने वाले, अमर हो जाते हैं, सेवा और सद्भाव से जीवन जगमगाते हैं।
जो जनहित में दीप जलाते जीवन भर, वे कभी नहीं मरते, स्मृतियों में बस जाते हैं।



जन्म
11.03.2006

स्वर्गवास
20.09.2026

स्व. दीपांशु वर्मा

विधि के विधान के सामने नतमस्तक होकर अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे सुपुत्र दीपांशु वर्मा का आकस्मिक स्वर्गवास दिनांक 20.09.2026, दिन-रविवार को हो गया है। जिसका दशगात्र का कार्यक्रम दिनांक 29.09.2026, दिन-मंगलवार को सम्पन्न होगा। यह केवल हमारे परिवार के लिए नही, अपितु समस्त परिचितजनों के लिए एक अपूर्णीय क्षति है। उनका मार्ग दर्शन स्नेह और उपस्थिति सदैव स्मरण रहेगा।
अत : आप सपरिवार पधारकर प्रार्थना करें कि ईश्वर उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

कार्य स्थल - ग्राम-कुर्रा (बंगोली)
मो.- 9977302741
फार्म - शीतल इन्टरप्राइजेस ग्वाईस सेन्टर हिरमी
नोट :- दशगात्र में तालाब का कार्यक्रम दो. 12 बजे से

शोकाकुल परिवार
सीताराम, हरि, सतीश, नारायण, मनहरण, भुनेश्वर, विनोद, छत्रपाल, कमलेश, नरेन्द्र, टिकेन्द्र, मुकेश, विवेक, आदित्य, हर्ष, अक्षत, पुलकित, हर्षित एवं समस्त वर्मा परिवार ..

विनीत
श्रीमति सरस्वती वर्मा (दादी), दिनेश-अंगीता वर्मा (पापा-माँ)
पिताम्बर - प्रमिला वर्मा, डॉ. मोहन-चन्द्रवली वर्मा (दादा-दादी)
श्री दिलीप-रेणु वर्मा (चाचा-चाची)
सुनीता - टिकेन्द्र, शीतल - गुरूगोविंद (बुआ-फुफा)
प्रीति - प्रकाश (बुआ-फुफा)
भागवत - संगीता, ललित - शिबा (चाचा-चाची)
सूरज श्रध्द्धा (चाचा-चाची), आँचल, जिया, श्रीनिका (बहन)

टीप - जिन प्रियजनों एवं साथियों को शोक पत्र नहीं मिल पाया हो वह इसे ही आमंत्रण स्वीकार करें।